कायाकल्प | किले के जैसे नजर आएंगे स्टेशन के नए भवन

एसी यात्री प्रतीक्षालय, बेहतर फूड स्टॉल्स बनेंगे मदन महल स्टेशन की पहचान

धनंजय श्रीवास्तव

जबलपुर, नवभारत। जैसे जैसे मदन महल रेलवे स्टेशन पर री डेवलपमेंट का कार्य आगे बढ़ता जा रहा वैसे वैसे अब इस स्टेशन पर टर्मिनल की झलक दिखाई देने लगी है। मालूम हो कि काफी समय से रीडेवलपमेंट की योजना के अनुसार स्टेशन की री-स्ट्रक्चरिंग का काम चल रहा है, जो अब नए आधुनिक रूप में नजर आने लगा है। अब मदन महल स्टेशन में प्लेटफार्म क्रमांक एक में प्रवेश का रास्ता भी जल्द बदलने वाला है। ये नया रास्ता अपेक्षाकृत चौड़ा और समतल होगा। इसके लिए निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। प्लेटफार्म एक के पुराने भवन के बाजू से नवीन प्रवेश द्वार को आकार दिया गया है। ज्ञात हो कि योजना के तहत एक तरफ प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाई जा रही है, वहीं दूसरी तरफ शेड और रिजर्वेशन बिल्डिंग बनाने का काम भी तेजी से चल रहा है। जिम्मेदारों की माने तो स्टेशन में रीडेवलपमेंट का काम तीन ब्लॉक में चल रहा है जिसे क्रमशः ए, बी और सी में बांटा गया है। इन सारे कामों को खत्म करने की डेडलाइन इसी साल के अक्टूबर माह तक रखी गई है। इससे पहले ये कार्य फरवरी तक सम्पन्न करने के आदेश दिए गए थे। अभी मदन

महल स्टेशन में प्लेटफार्म 1 पर एक छोटा सामान्य यात्री प्रतीक्षालय है। यहीं, एक छोटी कैंटीन और इक्का-दुक्का फूड स्टाल उपलब्ध है। जिसके चलते यात्रियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।

एसी वेटिंग हॉल जैसी अन्य सुविधाएं होंगी शामिल

मदन महल स्टेशन के प्लेटफॉर्म-4 की ओर सर्वसुविधायुक्त नया वेटिंग हॉल बनाया जा रहा है, जिसमें एयर कंडीशनिंग, आरामदायक कुर्सियां, टीवी और आधुनिक टॉयलेट ब्लॉक शामिल रहेंगे वही यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए ट्रेनों में वाटर रिफिलिंग और स्टेशन पर पानी की अतिरिक्त व विशेष व्यवस्था भी की जा रही है। बता दे कि मुख्य सर्कुलेटिंग एरिया में व्यवस्थित पार्किंग दोपहिया, चारपहिया वाहनों के लिए ड्रॉप-एंड-गो की आधुनिक व्यवस्था भी नए सिरे से की जा रही है।

यात्रियों को मिलेगी ज्यादा सुविधा

बता दे कि पश्चिम मध्य रेल मदन महल स्टेशन में एक प्लेटफार्म बढ़ाने के बाद दोनों ओर भवनों का विस्तार कर रहा है। प्लेटफार्म एक पर पुराने भवन के दोनों ओर भवन विस्तारित किए जा रहे हैं। ज्ञात हो कि दो तल के बनने वाले विस्तारित भवन में ऊपर विभागीय कार्यालय होगा। प्लेटफार्म चार में पुराने भवन से रेल कोच रेस्टोरेंट की ओर भवन है। अभी प्लेटफार्म चार पर यात्री प्रतीक्षालय नहीं है। फूड स्टाल पर बोतलबंद पानी, बिस्किट और नमकीन ही उपलब्ध होते है। स्टेशन पर भोजन एवं नाश्ता परोसने वाले स्टाल की कमी बनी हुई है। लेकिन अब रीडेवलपमेंट का काम खत्म होते ही इन सब परेशानियों से भी यात्रियों को निजात मिल सकेगी।

समतल होगा प्रवेश मार्ग

पिंक रेलवे स्टेशन मदन महल में नए बनाए जा रहे रास्ते को इस प्रकार से आकार दिया गया है कि प्लेटफार्म के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया के समतल होगा। इसके तैयार हो जाने के बाद प्लेटफार्म का प्रवेश द्वार दशमेश द्वार की ओर से आ रही सड़क से सीधा सामने होगा। अभी स्टेशन पहुंचने पर यात्रियों को पुराने भवन के द्वार से प्रवेश करने पर हल्की चढ़ाई और कुछ सीढ़ियां चढ़ना पड़ता है। नई जगह बनने के बाद यात्रियों का स्टेशन से प्लेटफार्म तक आवाजाही आसान होगी। नए भवनों का निर्माण पूरा होने से आधुनिक प्रतीक्षालय और कैफेटेरिया की सुविधा उपलब्ध होगी।

चल सकती है डाउन दिशा की ओर जाने वाली ट्रेनें

रेलवे के सूत्रों का कहना है कि मदन महल स्टेशन बनने के बाद जबलपुर से निजामुद्दीन जाने वाली तीनों ट्रेनों को यहाँ से चलाया जा सकता है। इसके अलावा डाउन दिशा कटनी की ओर जाने वाली व अन्य ट्रेनें भी मदन महल स्टेशन से शुरू की जा सकेंगी। वही स्टेशन में आरक्षण केंद्र की जगह भी बदलेगी। दमोहनाका फ्लाइओवर के नीचे प्लेटफार्म क्रमांक एक की ओर आरक्षण केंद्र के लिए नया भवन बनाया जा रहा है। इस भवन का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। आरक्षण केंद्र के साथ ही अनारक्षित टिकट की खिड़की भी इसी नए भवन में होगी। रेल अफसरों के अनुसार मदन महल स्टेशन नए सिरे से बनने के बाद डाउन दिशा की ही कुछ ट्रेनों का संचालन यहाँ से हो सकता है। अप दिशा की ट्रेनों को मदन महल स्टेशन से चलाकर जबलपुर स्टेशन को बायपास नहीं किया जाएगा। बता दे कि आने वाले समय में पुराने भवन से टिकट बुकिंग कार्यालय बंद हो जाएगा। इससे खाली होने वाली जगह पर अन्य कार्यालय स्थानांतरित होंगे। जिससे यात्री सुविधाओं में विस्तार होगा।

> **मदन महल किले पर आधारित होगा भवन**
>
> रेल अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार मदन महल स्टेशन में बन रहे दोनों भवनों की आकृति मदन महल में स्थित ऐतिहासिक किले के रूप में बनाई जा रही है। जैसे यह भवन बनकर तैयार हो जाएंगे इस स्टेशन की खूबसूरती और भव्यता और बढ़ जाएगी। बता दें कि प्लेटफार्म एक पर नए रास्ता तैयार होने से यात्रियों की सुविधा बढ़ जाएगी अब वे फुटओवर ब्रिज तक जल्दी पहुंच सकेंगे। जिससे उन्हें एक्स्ट्रा फेरा नहीं लगाना पड़ेगा। मालूम हो कि शनिवार को महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेल के द्वारा किए गए महल महल स्टेशन के निरीक्षण में भी सभी कार्यों को तीव्र गति से करने के आदेश दिए गए थे।

> **इनका कहना है**
>
> मदन महल स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य को जल्द ही खत्म किया जाएगा। रेलवे द्वारा इसकी डेडलाइन अक्टूबर माह तक निर्धारित की गई है। नया स्टेशन बन जाने से यात्रियों की सुविधा का विस्तार हो सकेगा।
>
> **डॉ. मधुर वर्मा**
> **सीनियर डीसीएम, पमरे**

220 केवी ट्रांसमिशन लाइन में ट्रिपिंग का था अंदेशा, बड़ा हादसा टला

नवभारत,जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के दमोह संभाग द्वारा 220 केवी दमोह-टीकमगढ़ ट्रांसमिशन लाइन में हुई ट्रिपिंग की जांच के लिए विशेष पेट्रोलिंग अभियान चलाया गया। जांच में पाया गया कि जबलपुर नाका क्षेत्र में एक मकान की छत पर बन रही बाउंड्री एवं छज्जा ट्रांसमिशन लाइन के प्रतिबंधित सुरक्षा कारीडोर के अत्यधिक निकट आ गया था, जिससे ट्रिपिंग की स्थिति उत्पन्न हुई। कार्यपालन अभियंता एस.के. मुड़ा के मार्गदर्शन में टीम ने संबंधित व्यक्ति को सुरक्षा मानकों की जानकारी देकर सहमति से निर्माण का खतरनाक हिस्सा हटवाया, जिससे लाइन को सुरक्षित दूरी उपलब्ध कराई जा सकी और संभावित हादसा टल गया। एमपी ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अरविंद शर्मा ने बताया कि दमोह शहर में लगभग 15 ऐसे निर्माण चिन्हित किए गए हैं, जो ट्रांसमिशन लाइन के प्रतिबंधित क्षेत्र में आते हैं। संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने नागरिकों से अपील की है कि वे ट्रांसमिशन लाइनों के समीप किसी भी प्रकार का निर्माण न करें तथा सुरक्षा मानकों का पालन करें। जानकारी के अनुसार 132 केवी लाइन के दोनों ओर 27 मीटर तथा 220 केवी लाइन के लिए 35 मीटर का सुरक्षा कारीडोर निर्धारित है, जिसके भीतर निर्माण पूर्णतः प्रतिबंधित है। ट्रांसमिशन लाइनों की विद्युत क्षमता घरेलू बिजली की तुलना में 600 से 950 गुना अधिक घातक होती है।

चलते राहगीर से मोबाइल झपटकर भागे स्कूटी सवार

अधारताल पुलिस ने दर्ज किया मामला

जबलपुर। अधारताल थाना क्षेत्र में स्कूटी सवार दो अज्ञात बदमाशों ने एक युवक के हाथ से कीमती मोबाइल फोन झपट लिया और धनी की कुटिया मेन रोड की तरफ रफूचक्कर हो गए। पुलिस के मुताबिक, चंडीधाम काली मंदिर परिसर धनी की कुटिया रोड निवासी 19 वर्षीय विधान केवट शाम करीब 7:20 बजे अपने घर से पैदल धनी की कुटिया मेन रोड की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह

मंटा डेरी के सामने पहुँचा, वह अपने वनप्लस कंपनी के मोबाइल में मैसेज चेक करने के लिए रुका। इसी दौरान पीछे से घात लगाकर आए एक्टिवा सवार दो बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया ।पीड़ित विधान ने बताया कि वह मोबाइल देख ही रहा था कि तभी पीछे से तेज रफ्तार स्कूटी आई। गाड़ी पर पीछे बैठे लड़के ने फुर्ती से उसके हाथ पर झपट्टा मारा और मोबाइल छीन लिया। जब तक विधान शोर मचाता या उनका पीछा करता, दोनों आरोपी धनी की कुटिया मेन रोड की ओर तेजी से भाग निकले। पुलिस मंटा डेरी और धनी की कुटिया मेन रोड के आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि बदमाशों की स्कूटी का नंबर और उनका सुराग लगाया जा सके।

टिकट चेकिंग से 12 करोड़ 35 लाख का राजस्व प्राप्त

जबलपुर, नवभारत। पश्चिम मध्य रेल में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशानुसार तीनों मंडलों में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य अधिकारियों के नेतृत्व में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर टिकट जांच अभियान चलाए गए। इन अभियानों के परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल 2026 में कुल 01 लाख 75 हजार मामलों में अनबुक्ड लगेज, बिना टिकट यात्रा तथा अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्री शामिल थे। इनसे अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 12 करोड़ 35 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया गया। यह राशि पिछले वर्ष इसी अवधि में वसूले गए ।

मार्मिक मामला : वृद्ध मां के भरण-पोषण पर उठे सवाल

नवभारत,जबलपुर । रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में एक मार्मिक मामला सामने आया, जिसने अनुकंपा नियुक्ति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया गया कि हाउसिंग बोर्ड सोसायटी में कार्यरत कर्मचारी के निधन के बाद वर्ष 2024 में उनके पुत्र दीपक कुमार पटेल को परिवार के सहारे के रूप में अनुकंपा नियुक्ति दी गई थी, क्योंकि पिता की मृत्यु के बाद घर की आर्थिक जिम्मेदारियों के साथ बहन की शादी का भार भी दीपक पर आ गया था, करीब एक वर्ष बाद दीपक का विवाह हुआ, लेकिन 08 अगस्त 2025 को

दीपक की अचानक मृत्यु ने परिवार को दोबारा गहरे संकट में डाल दिया। पत्रकार वार्ता में शकुन बाई पटेल मां ने जानकारी दी कि पुत्र दीपक की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी मायके में जाकर रहने लगी हैं और अब मृतक की नौकरी पर अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है, जबकि घर में अकेली रह गई वृद्ध मां शकुन बाई पटेल के भरण-पोषण और देखभाल को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई है। सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि यदि अनुकंपा नियुक्ति का उद्देश्य मृतक कर्मचारी के आश्रित परिवार को सहारा देना है, तो फिर वृद्ध मां शकुन बाई पटेल की जिम्मेदारी कौन उठाएगा। कानूनी जानकारों ने भी वरिष्ठ नागरिक संरक्षण कानूनों का हवाला देते हुए कहा कि माता-पिता के भरण-पोषण को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता, आखिर अनुकंपा नियुक्ति का असली मकसद केवल नौकरी देना है या बुजुर्ग माता-पिता को सम्मानपूर्वक जीवन का सहारा सुनिश्चित करना ।

ग्राम उड़ना में तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, दो घायल

जबलपुर। पाटन थाना अंतर्गत ग्राम उड़ना के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक ने आगे चल रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि सैफ नगर गोहलपुर निवासी अमन खान (29) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पेशे से मोटरसाइकिल मैकेनिक है। वह अपने मौसी के लड़के मोहम्मद सरताज अहमद के साथ अपनी बाइक पर सवार था। वहीं उसका चचेरा भाई अफरोज खान और मोहम्मद सलीम दूसरी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एन एल 1191 पर सवार होकर पाटन में एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने जा रहे थे। बीती रात करीब 11:15 बजे, जैसे ही उनका काफिला ग्राम उड़ना से थोड़ा आगे बढ़ा, तभी जबलपुर की ओर से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एन वी 8317 के चालक ने बेहद लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए पहले अमन की बाइक को ओवरटेक किया। इसके तुरंत बाद अनियंत्रित होकर आरोपी चालक ने आगे चल रहे अफरोज की मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अफरोज और मोहम्मद सलीम बाइक सहित सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में दोनों के हाथ, पैर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद अमन खान ने घायल अफरोज और सलीम को प्राथमिक उपचार के बाद मोहम्मद सरताज के साथ जबलपुर अस्पताल भिजवाया, जहां उनका इलाज जारी है।

> **इधर एक्सीडेंट में दो घायल**
>
> मझौली थाना अंतर्गत इंद्राना रोड पर राजपूत ढाबा के पास रविवार दोपहर एक सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जगदम्बा नगर महाराजपुर निवासी शैलेंद्र पटेल (30) ने मझौली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई कि वह मजदूरी का काम करता है। उसके दोस्त रतनलाल बर्मन निवासी गौरा नेगई ने उसे विष्णु वराह मंदिर दर्शन करने के लिए बुलाया था। शैलेंद्र अपने दो अन्य साथियों, शंकर सोनी और दीपक पटेल के साथ दो बाइकों पर सवार होकर रतनलाल के घर पहुंचा और वहां से सभी लोग मंदिर दर्शन के लिए निकले थे ।दोपहर करीब 1:30 बजे दर्शन करने के बाद सभी दोस्त वापस लौट रहे थे। आगे वाली मोटरसाइकिल को दीपक पटेल चला रहा था, जिस पर रतनलाल बर्मन पीछे बैठा था। उनके पीछे दूसरी बाइक पर शैलेंद्र और शंकर सोनी चल रहे थे। जैसे ही वे इंद्राना रोड पर ग्राम बीछी तिराहा और राजपूत ढाबा के बीच पहुंचे, तभी पीछे से आ रही एक पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 जेड एच 5626 के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी ।टक्कर इतनी भीषण थी कि दीपक और रतनलाल गाड़ी सहित सड़क पर गिर पड़े, जिससे उनके हाथ-पैर और शरीर में गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों को इकट्ठा होते देख आरोपी पल्सर चालक मौके से अपनी गाड़ी लेकर फरार हो गया।

एल्गिन अस्पताल के बाहर से ई रिक्शा चोरी

नवभारत,जबलपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने ई रिक्शा चोरी कर लिया है। भानतलैया बड़ी खेरमाई निवासी मोहम्मद शेरू ने सिविल लाइन थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मोहम्मद इरशाद राईन का ऑटो किराये से चलाता है 16 मई की दोपहर लगभग 12-45 बजे से 1-30 बजे के बीच उसके परिजन को इलाज के बाद एल्गिन अस्पताल से घर ले जाने के लिये किराये के ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड एफ5292 से आया था । ई रिक्शा एल्गिन अस्पताल के बाहर खड़ा कर परिजनों को लेने अस्पताल के अंदर चला गया, कुछ समय बाद परिजनों को लेकर बाहर आया देखा उसका ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड एफ5292 गायब था। आसपास तलाश की पता नहीं चला कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर चले लाठी-डंडे

जबलपुर। पाटन के ग्राम राखी वरवटा में जमीन पर नाली बनाने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। शनिवार रात हुए इस पथराव और लाठी-डंडे चले। जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों ही पक्षों की शिकायत पर एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक 19 वर्षीय छात्र हर्षवर्धन पटेल ने पुलिस को बताया कि उसके चाचा अमित पटेल से उनके परिवार की पुरानी रंजिश चल रही है। शनिवार रात करीब 8:30 बजे वह अपने घर पर कुछ काम कर रहा था। इसी दौरान चाचा अमित पटेल वहां पहुंचे और उसे देखते ही अभद्र गालियां देने लगे। हर्षवर्धन ने जब विरोध किया, तो

अमित ने हाथ में लिए डंडे से उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उसकी पीठ पर गंभीर चोट आई है। शोर सुनकर जब हर्षवर्धन के पिता अश्वनी पटेल और दूसरे चाचा विभाष पटेल बीच-बचाव करने आए, तो आरोपी ने उनके साथ भी झूमाझपटी की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकला। वहीं, दूसरे पक्ष के 35 वर्षीय किसान अमित पटेल ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई हैं कि शनिवार रात उसने अपने बड़े पापा जगदीश पटेल को फोन किया था और अपनी निजी जमीन से नाली निकालने का विरोध किया था। इसी बात की खुन्नस में आकर अश्वनी पटेल का बेटा हर्षवर्धन उसके घर के सामने आया और विवाद करने लगा। अमित ने जब गालियां देने से मना किया, तो हर्षवर्धन ने डंडे से मारकर उसके कंधे पर चोट पहुंचा दी। इसके तुरंत बाद हर्षवर्धन के पिता अश्वनी पटेल और चाचा विभाष पटेल भी हाथों में डंडे लेकर वहां आ धमके और तीनों ने मिलकर अमित को घेर लिया। आरोपियों ने डंडों से पीट-पीटकर अमित की पीठ, घुटने और गले पर चोटें पहुंचाईं और दोबारा बोलने पर जान से मारने की धमकी दी।

आज से शुरू हो सकते हैं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

जबलपुर, नवभारत। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण नए सत्र की प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह से पिछड़ गई है। पहले विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 4 मई से ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने का दावा किया जा रहा था। इसके लिए काफी समय से तैयारियां भी चल रही थीं, लेकिन जमीनी स्तर पर लापरवाही के चलते 15 मई तक भी प्रवेश पोर्टल नहीं खोला जा सका। लेकिन अब नए शेड्यूल के मुताबिक विश्वविद्यालय प्रशासन ने अब 18 मई से प्रवेश के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोलने का नया दावा किया है। प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र इस तारीख से अपना पंजीकरण करा सकेंगे। इसके साथ ही सभी शैक्षणिक विभागों को 15 से 17 मई तक हर हाल में अपने प्रोफाइल अपडेट करने के निर्देश दिए गए हैं।

> **दस्तावेजों का होगा सत्यापन**
>
> पूर्व में हुई लेती-लतीफी की वजह से विभिन्न शैक्षणिक विभागों के प्रोफाइल तक समय पर अपडेट नहीं हो पाए। इस स्थिति को देखते हुए अब प्रशासन को पुराना शेड्यूल बदलकर नया टाइम टेबल जारी करना पड़ा है। ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 19 मई से 1 जून तक दस्तावेजों के सत्यापन यानी वेरिफिकेशन का कार्य चलेगा। इसके बाद 3 जून को सीटों का आवंटन किया जाएगा। सीट आवंटन की सूची जारी होने के बाद छात्रों को दाखिला पक्का करने का मौका मिलेगा। जिन विद्यार्थियों को सीटें आवंटित की जाएंगी, वे 3 जून से 6 जून तक अपनी ऑनलाइन एडमिशन फीस जमा कर सकेंगे।

चर्चा | शहर विकास और स्वच्छता अभियान में शहर के प्रबुद्धजनों से की गई चर्चा

चौतरफा विकास कार्यों से बदल रही है संस्कारधानी की तस्वीर : महापौर

नवभारत,जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर अब एक महानगर के रूप में अपनी नई और भव्य पहचान बनाने की ओर तेजी से अग्रसर है। शहर में पिछले साढ़े तीन वर्षों में हुए ऐतिहासिक और चैतरफा विकास कार्यों ने यहाँ की तस्वीर को पूरी तरह बदल दिया है। यह उद्गार महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने 17 मई को डुमना रोड स्थित एक होटल में आयोजित भव्य संवाद कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। शाम 6 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्ध नागरिक, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्योगपति, व्यापारी और प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

दो घंटे से अधिक समय तक चले इस संवाद कार्यक्रम में महापौर ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से नगर निगम प्रशासन द्वारा पिछले साढ़े तीन साल में किए गए अभूतपूर्व कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने अधोसंरचना विकास, सड़कों के चैड़ीकरण, अत्याधुनिक पेयजल प्रणालियों, प्रकाश व्यवस्था और शहर के सुंदरीकरण के लिए उठाए गए कदमों की विस्तार से जानकारी दी। महापौर ने कहा कि देवतुल्य नागरिकों के सहयोग और एमआईसी सदस्यों व पार्षदों की टीम वर्क का ही नतीजा है कि आज शहर का हर कोना विकास की मुख्यधारा से जुड़ चुका है।

> **स्वच्छता अभियान और नंबर 1 का संकल्प**
>
> संवाद कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बिंदु स्वच्छ भारत अभियान और स्वच्छ सर्वेक्षण रहा। महापौर ने शहर के प्रबुद्धजनों से जबलपुर को स्वच्छता के शिखर पर ले जाने के लिए सीधा संवाद किया। इस दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, दामोदर सोनी, विवेकराम सोनकर, अंशुल राघवेन्द्र यादव, माधुरी सोनकर, रेनू कोरी ने खुद उपस्थित रहकर सभी गणमान्य नागरिकों से स्वच्छता फीडबैक फॉर्म भरवाए। कार्यक्रम में मौजूद शहर के प्रबुद्धजनों, व्यापारियों और उद्योगपतियों ने न केवल विकास कार्यों की सराहना की, बल्कि जबलपुर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के लिए प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का सामूहिक संकल्प भी लिया। चर्चा कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकगण, प्रबुद्धजन, तकनीकि विशेषज्ञ, उद्योगपति और व्यापारी संगठन के पदाधिकारी और नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।